Benu
Babu 29/11/23

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id - pmscstobc@gmail.com

GNAPG COLLEGE BHATAPARA (C.G.) 7159 29/11/23 Date

क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 162 / 2023–24 / 9492 नवा रायपुर, दिनांक- 28/11/2023

: : सूचना प्रकाशन : :

वर्ष 2023–24 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी. आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2023–24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2023–24 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :–

क्र0	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन / नवीनीकरण)	दिनांक 28.11.2023 से दिनांक 30.12.2023 तक
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनांक 15.12.2023 से दिनांक 20.01.2024 तक
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनांक 15.12.2023 से दिनांक 24.01.2024 तक

निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023–24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

नोट :–

1. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं **आधार सीडेड बैक खाता नम्बर की प्रविष्टि** ही करना सुनिश्चित करें।
2. सत्र 2023–24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. (OTP) के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी **आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें"**।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

नैक द्वारा ग्रेड प्राप्त

कोड क्रमांक –1203

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा
जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118

PH: 07726-220312 website:www.gnapgcollege.in Email:govtgnapgcollege@gmail.com

भाटापारा, दिनांक : 29/11/2023

संशोधित सूचना

//पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु सूचना//

शैक्षणिक सत्र 2023–24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्रओं को सूचित किया जाता है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति संवर्ग के अन्तर्गत छात्रवृत्ति पंजीयन हेतु आवेदन करने की **तिथि 28/11/2023 से दिनांक 30/12/2023 तक** http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है।

अतः संबंधित छात्र/छात्राऐं समस्त अभिलेखों के साथ छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हॉर्डकॉपी फार्म को **समय दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक** महाविद्यालय कार्यालय कक्ष **क्रमांक–16 (लेखा शाखा)** में अनिवार्य रूप से जमा कर देवें। **दिनांक 30/12/2023 तक हॉर्डकापी फार्म के साथ समस्त दस्तावेज जमा नहीं करने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वंय छात्र/छात्रा की होगी।**

छात्रवृत्ति हॉर्डकॉपी जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज

1. ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी।
2. बैंक पास बुक की छायाप्रति।
3. आय प्रमाण–पत्र की प्रति।
4. स्थायी जाति/निवास प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति।
5. महाविद्यालय प्रवेश रसीद कॉपी की सत्यापित प्रति।
6. एक पासपोर्ट साईज फोटो (कलर)।
7. 10वीं–12वीं एवं विगत की सत्यापित अंकसूची।
8. आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. आधार सीडेड बैंक खाता रशीद की छायाप्रति।
10. सभी दस्तावेज में अपना हस्ताक्षर करके जमा करें।

नोट :– 1. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं **आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि** ही करना सुनिश्चित करें।

2. सत्र 2023–24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी **आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें।**

डॉ. पूर्णिमा साहू
प्रभारी प्राचार्य

Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C...